बरेली । शनिवार । 26 जनवरी 2013

अमर उजाला

# शुरू हुआ इंसपायर इंर्टनशिप 201

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी में शुक्रवार को इंसपायर इंटर्नशिप 2013 की शुरुआत हुई। डॉ. लेफ्टि. जनरल नरेश कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

समारोह में संस्था के चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डायरेक्टर फार्मेसी प्रो. जगन्नाथ साहू, प्राचार्य प्रो. टीडी बिष्ट एवं इंसपायर के समन्वयक रतीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, डॉ. मो. मुस्तकीम अब्दुल्ला संस्थान के शिक्षकगण एवं प्रदेश के विभिन्न इंटर कालेजों के आये 250 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम पांच दिन तक चलेगा।

चेयरमैन देवमूर्ति ने कैम्प में आये सभी लोगों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान को सही दिशा देने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रो. साक्षी पांडेय ने किया।